हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 अब अधिकृत वाहन विक्रेता ही कर सकेंगे पुराने वाहनों...



08 खोयरी, जल महल जैसी धरोहरों को सहेजने ...





## खबर संक्षेप में

### डॉ लविशा ने प्राप्त की रोग विशेषज्ञ की डिग्री



**नलखेड़ा।** एक बार फिर नगर की बेटी ने नगर को गौरवांवित किया है। डॉ लविशा तिलगोता ने नाक कान गला एवं केंसर रोग विशेषज्ञ की डिग्री प्राप्त कर परिवार व नगर को गौरवांवित किया है। नगर के प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी राजेश तिलगोता की पुत्री लविशा तिलगोता (बोहरा) ने चिरायु हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज से नाक कान गला में उच्च अंकों से एमएस की डिग्री प्राप्त करने के साथ ही केंसर रोग में विशेष गहन चिकित्सा में विशेषज्ञता की उच्च शिक्षा प्राप्त की है। डॉ लविशा की इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ ही इष्टमित्रों द्वारा उन्हें बधाई देते हुवे चिकित्सा जैसे सेवा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### बांग्लादेश के विरोध में धरना प्रदर्शन आज

**नलखेड़ा।** बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शुक्रवार को धरना प्रदर्शन करेगा। बांग्लादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आज शुक्रवार को सायं 4.30 बजे से स्थानीय शिवाजी चौराहे पर धरना प्रदर्शन करेगा। गौरतलब है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगभग प्रतिदिन अत्याचार हो रहा है। गत दिनों एक युवक को जला दिया गया था। इन अत्याचारों के खिलाफ देशभर में हिन्दू संगठनों द्वारा विरोध तेज होता जा रहा है। ये संगठन बांग्लादेश में हिंदुओं की जान माल की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहे है।

## तुलावटी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# तौल की मनमानी पर ब्रेक, दूसरी ओर तुलावटियों की हड़ताल से मंडी हुई ठप

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ई-अनुज्ञा पोर्टल पर तौल की एंट्री केवल अनुज्ञप्तिधारी तुलावटी ही करेंगे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

ई-मंडी व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए जहां शासन स्तर पर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर तुलावटी हड़ताल ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। तौल प्रक्रिया को लेकर जारी अव्यवस्थाओं के बीच किसान न सही दाम पा रहे हैं और न ही समय पर अपनी उपज बेच पा रहे हैं। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ई-अनुज्ञा पोर्टल पर तौल की एंट्री केवल अनुज्ञप्तिधारी तुलावटी ही करेंगे। किसी भी स्थिति में व्यापारियों को तौल दर्ज करने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड का कहना है कि कई मंडियों से शिकायतें मिली थीं कि व्यापारी खुद तौल दर्ज कर रहे हैं, जिससे वजन में गड़बड़ी, भुगतान में देरी और किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा था।

### किसान हित में आदेश, पारदर्शिता का दावा

नए निर्देशों के बाद किसानों को उपज की सही तौल, डिजिटल रिकॉर्ड में पारदर्शिता और समय पर भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है। बोर्ड ने साफ किया है कि यदि किसी मंडी में तुलावटी उपलब्ध नहीं हैं या तकनीकी दिक्कत आती है, तो मंडी समिति के कर्मचारी तौल की एंट्री करेंगे, लेकिन व्यापारी किसी भी हाल में यह काम नहीं करेंगे। संयुक्त संचालक स्तर पर निरीक्षण कर व्यवस्था को शत-प्रतिशत लागू कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### तुलावटी हड़ताल से भैरूंदा मंडी में नीलामी बंद

इधर, कृषि उपज मंडी भैरूंदा में तुलावटी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के चलते मंडी में नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो गई है। मंडी प्रशासन ने किसानों को सोमवार तक मंडी में उपज नहीं लाने की अपील की है, जिससे दूर-दराज से आए किसान परेशान नजर आ रहे हैं।



### बैठक बेनतीजा, मांगों पर नहीं बनी सहमति

मंगलवार को मंडी प्रशासन, किसान संगठनों, व्यापारियों, तुलावटी और तहसीलदार की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक में पारदीपुरा मंडी प्रांगण के समतलीकरण, नीलामी व्यवस्था, अस्थाई तोल कांटों के लाइसेंस सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। दो अतिरिक्त अस्थाई तोल काटे देने का निर्णय भी लिया गया, लेकिन तुलावटी अपनी मुख्य मांग—तौल पर्ची बनाने के बदले भुगतान—पर अड़े रहे। सहमति नहीं बनने पर तुलावटी हड़ताल पर चले गए।

### प्रशासन ने दिया समाधान का भरोसा

एसडीएम सुधीर कुशवाह का कहना है कि शासन के नियमानुसार ही मंडी व्यवस्थाएं संचालित की जाएंगी और व्यापारियों व तुलावटी दोनों पक्षों से चर्चा कर जल्द समाधान निकाला जाएगा, ताकि नीलामी प्रक्रिया दोबारा शुरू हो सके।

### उप मंडियों में पहुंचे किसान दाम गिरने का आरोप

बुधवार को बड़ी संख्या में मक्का किसान गोपालपुर और लाड़कई उप कृषि मंडी में पहुंचे, जहां उन्हें अपेक्षित दाम नहीं मिले। किसानों का आरोप है कि पहले मक्का 1600 से 1700 प्रति क्विंटल बिकी थी, जबकि दूसरे दिन बुधवार को 1300 से 1400 रुपये में खरीदी हुई। किसानों ने व्यापारियों और मंडी प्रशासन की मिलीभगत से दाम गिराने का आरोप लगाते हुए उपज बेचने से इनकार कर दिया और फसल वापस ले जाने की बात कही। हालांकि कुछ किसानों ने दुबारा नीलामी प्रक्रिया में अपने वाहन खड़े किए गए थे।

## भील भिलाला समाज व जयस मौजूद ग्राम पचलाना में मामा टंट्या भील की प्रतिमा का किया गया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील की ग्राम पचलाना में आदिवासी क्रांतिकारी टंट्या भील मामा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। ग्राम पचलाना के हाट बाजार में टंट्या भील मामा की प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसका अनावरण मुख्य अतिथि विधायक एवं राष्ट्रीय संरक्षक जयस डॉ हीरालाल अलावा मध्यप्रदेश संरक्षक शिवभानु मंडलोई प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजू पटेल जयस जिला प्रभारी बड़वानी मुन्ना मोरे जयस जिलाध्यक्ष आगर सुनील ठाकुर ग्राम पंचायत पचलाना सरपंच पवन पाटीदार जनपद सदस्य मानसिंह भिलाला आदि द्वारा किया गया। इस दौरान समाज परंपरानुसार विशेष पूजा अर्चना कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रतिमा अनावरण के पश्च्यात अतिथियों का स्वागत किया गया। गौरतलब है कि आगर जिले में मामा टंट्या भील की यह प्रथम प्रतिमा का अनावरण हुआ है। प्रतिमा की स्थापना ग्राम पचलाना के भील भिलाला समाज व जयस के अथक प्रयासों से हुई है।

### ग्राम छापरी में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि जिले के विकासखण्ड भैरूंदा के ग्राम छापरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डेंटल फ्लोरोसिस जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन नोडल अधिकारी डॉ. रुचिरा उईके के निर्देशन में किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के दंत स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान कुल 55 छात्र-छात्राओं की फ्लोरोसिस स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 12 विद्यार्थियों में डेंटल फ्लोरोसिस के प्रकरण पाए गए।

## श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय जयंती मनाई



**नलखेड़ा।** नगर के श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज के द्वारा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती मनाई गई अवसर पर महामना के चित्र पर माल्यार्पण व तुलसी मां का पूजन अर्चन किया गया तथा श्री पंडित जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया उसके पश्चात बैठक का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी वरिष्ठ जनों के मार्ग दर्शन में यह निर्णय लिया गया की जो पूर्व की कार्यकारिणी थी उसे भंग किया गया तथा अभी कोई कार्यकारणी की घोषणा नही की गई तथा सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि अभी कार्यकारिणी सदस्य तथा मार्गदर्शन मंडल के नेतृत्व में समाज का कार्य सम्भाला जावेगा तथा समाजजनों की सर्व सहमति से कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए जिसमे कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप जोशी ललित पाठक हरीश चौबे आलोक शर्मा चेतन रावत सुनील तिवारी योगेश शुक्ला सचिन तिवारी सौरभ पाठक निखिल दुबे को मनोनीत किया गया।तथा मार्गदर्शन मंडल में डॉ कैलाश पाठक ज्ञानप्रकाश तिवारी देवकीनंदन शर्मा महेश जोशी मुकेश शर्मा को मनोनीत किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## महिला मोर्चा ने मनाई अटल जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। गुरुवार को महिला मोर्चा द्वारा नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 197 वार्ड क्रमांक 14 में अटल जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान अटल जी के चित्र पर माल्यार्पन कर उनके द्वारा किये गए कार्यो का स्मरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अलका जैन व युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य धीरज कुंभकार व वार्डवासी मौजूद थे।

### अवैध रेत खनन पर सख्ती: देर रात कार्रवाई में दो जेसीबी जब्त

**भैरूंदा।** अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील क्षेत्र के दो रेत घाटों पर दबिश देकर अवैध रूप से रेत उत्खनन में लगी दो जेसीबी मशीनें जब्त कीं। कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी क अनुसार यह कार्रवाई तहसील के ग्राम चोरसाखेड़ी एवं छीपानेर स्थित रेत घाटों पर की गई। दोनों स्थानों पर बिना वैध अनुमति के रेत उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति का मुआयना कर तत्काल दोनों जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलजी की जयंती मनाई

**जरूरतमंदों को कंबल का वितरण**



**नलखेड़ा।** भारतीय राजनीति के युग पुरुष सुशासन के प्रतिक प्रखर वक्ता भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भाजपा मंडल नलखेड़ा द्वारा समस्त मतदान केंद्रों पर मनाई गई। वहीं नगर के एक मतदान केंद्र पत्र जरूरतमंदों को शीतकाल (ठंड) के इस मौसम में कंबल का वितरण किया गया। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न अटलजी की जयंती मतदान केंद्रों पर मनाई गई। सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व आमजन द्वारा अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया गया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आव्हान किया गया। भाजपा अटल जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाती है। मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा ने बताया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जंयती का पर्व मंडल के सभी केंद्रों पर बनाया गया जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नगर के एक मतदान केंद्र पर अटल जी जयंती मनाने के पश्चयात भाजपा नेता अमित तातेड़ की ओर से ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किये गए। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी इस वर्ष को अटल स्मृति वर्ष के रूप में मना रही है।

## राशन में गड़बड़ी पर उठे सवाल, धूल–मिट्टी मिला गेहूं थमाया, हितग्राही ने की शिकायत






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के सुभाष कॉलोनी वार्ड क्रमांक 1 स्थित राशन दुकान क्रमांक–2 पर हितग्राही को धूल–मिट्टी मिला गेहूं दिए जाने का मामला सामने आया है। गुणवत्ता को लेकर उठे इस सवाल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुभाष कॉलोनी निवासी आनंद राठौर जब दुकान पर राशन लेने पहुंचे, तो उन्हें गेहूं में साफ तौर पर धूल–मिट्टी मिली हुई नजर आई। हितग्राही ने जब आपत्ति जताई कि यह राशन खाने योग्य नहीं है, तो दुकान के सेल्समेन राकेश पंवार ने कथित तौर पर जवाब दिया कि "दुकान में ऐसा ही राशन आया है, लेना है तो लो, नहीं तो मत लो।" इस रवैये से आक्रोशित होकर आनंद राठौर वही राशन लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसील कार्यालय में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गेहूं दिखाया गया, जिसके बाद सेल्समेन को भी बुलाया गया। पूछताछ में सेल्समेन ने कहा कि गेहूं इसी स्थिति में प्राप्त हुआ है। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी बहस भी हुई। बाद में गेहूं बदलने की बात सामने आई, लेकिन हितग्राही ने मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देने की बात कहते हुए औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। हितग्राही ने कहा कि गरीब परिवारों को मिलने वाला राशन यदि इस तरह दूषित होगा, तो स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए।

### अवकाश के दिन मैया के श्रद्धालुओं ने लगाए भक्ति से जयकारे

# मां बगलामुखी मंदिर पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर गुरुवार को अवकाश के दिन भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। गुरुवार को अवकाश का दिन होने से विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातः से ही भक्तों का मेला लग चुका था। प्रातःकाल से ही दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारम्भ हो गई थी। दिन चढने के साथ ही दर्शनार्थियों की कतारें लंबी होती जा रही थी। दोपहर के समय दर्शनार्थियों की कतारें सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर तक पहुंच चुकी थी। कतार में लगे भक्त माता के जयकारों से परिसर गुंजायमान कर रहे थे। दूसरी ओर मंदिर के पीछे व समीप स्थित यज्ञशालाओं से वैदिक मंत्रों की गूंज वातावरण को आध्यात्मिक बना रही थी। दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई भक्तों द्वारा सिद्धपीठ पर अपनी मनोकामना को लेकर हवन अनुष्ठान भी किये गए।

### जेब कतरे रहे सक्रिय, तीन नाबालिगों को पकड़ा

गुरुवार को सिद्धपीठ पर लगी भक्तों की भीड़ का फायदा उठाने के लिए जेब कतरे भी सक्रिय रहे। हरदा निवासी कमलेश विश्वकर्मा द्वारा मंदिर प्रबंध समिति कार्यालय पर की गई शिकायत में बताया कि वे दर्शन कर परिसर में खड़े थे कि उनकी पीछे की जेब से कुछ निकालने की आहट महसूस हुई। जैसे ही उन्होंने जेब पर हाथ रखा अज्ञात आरोपी तेजी से निकलता दिखाई दिया। जेब चेक करने पर पता चला कि जेब मे रखे लगभग 4 से 6 हजार रुपये गायब थे। इसी प्रकार और भी कई श्रद्धालुओं की जेब पर हाथ साफ करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने परिसर में जेब कतरो की पहचान कर तीन नाबालिगों को पकड़ा व उन्हें पुलिस थाने ले जाया गया।

### प्रसाद के लिए भटकते रहे भक्त

हाईकोर्ट के निर्णय के बाद प्रशासन द्वारा सिद्धपीठ के आसपास की भूमि खाली करवाकर कब्जा किया था जिसमे सिद्धपीठ पर लगी प्रसाद व अन्य सामग्रियों की दुकानें भी हटाई गई थी। तब से सिद्धपीठ पर इन सामग्री की दुकानों का अभाव बना हुआ है। ऐसे में अन्य स्थानों से आने वाले भक्त माता रानी को चढ़ाने के लिए प्रसादी अगरबत्ती व चुनर के लिए भटकते दिखाई दिए।

## खबर संक्षेप

### ख़ुशियां बांटे अभियान निरंतर रहेगा जारी, ठंड में बच्चों को बांटे स्वेटर



**देवास।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था श्री विश्व राजा द्वारा देवास के राजीव नगर अनवटपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष एडवोकेट मनोज श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ स्वामी योगेन्द्र भारती, फौजी पीलोक सरकार एवं चंद्रकांत सिंह परिहार (सेवानिवृत्त वन अधिकारी) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। संस्था अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना ही संस्था श्री विश्व राजा का मूल उद्देश्य है तथा भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सेवा कार्य बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश भी देते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी।

### नए नियम के तहत 01 जनवरी से बिना रजिस्ट्रेशन व्यापार करना गैर कानूनी

# अब अधिकृत वाहन विक्रेता ही कर सकेंगे पुराने वाहनों की बिक्री, अनुमति जरूरी

आरटीओ ने ऑटो डील संचालकों की बैठक लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश में पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री करने वाले ऑटो डील संचालकों को अब मध्यप्रदेश सरकार से अधिकृत डीलर के रूप में पंजीयन करवाना अनिवार्य हो गया है। अब पुरानी गाड़ियों का व्यापार करने वाले डीलरों को परिवहन विभाग से अनुमति लेनी होगी।

मध्यप्रदेश सरकार ने धोखाधड़ी रोकने के लिये नए नियम (55A-55H) लागू कर दिए हैं। जारी किये गये निर्देशो के अनुसार 01 जनवरी 2026 से बिना रजिस्ट्रेशन व्यापार करना गैर कानूनी माना जायेगा। शासन द्वारा जारी किये गये निर्देशो के पालन के लिये परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा देवास शहर में संचालित समस्त ऑटो डील संचालकों की बैठक ली जिसमें देवास में वर्षो से पुरानी वाहनों की खरीदी बिक्री करने वाले ऑटो डील संचालक उपस्थित हुए। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी चौहान द्वारा समस्त ऑटो डील संचालकों को शासन के नियम एवं उनकी मंशा से अवगत कराया। साथ ही अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा उनके द्वारा लिये जाने वाले व्यापार प्रमाण-पत्र के विषय में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

परिवहन अधिकारी ने समस्त ऑटो डील संचालकों को निर्देशित किया कि सभी संचालक 31 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से व्यापार प्रमाण-पत्र संबंधी आवेदन एवं आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करवाकर व्यापार प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें। 01 जनवरी 2026 से वे किसी भी दशा में अनाधिकृत रूप से वाहन का क्रय-विक्रय नहीं कर पाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा जांच के दौरान बिना व्यापार प्रमाण-पत्र के पुरानी वाहनों का क्रय-विक्रय करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसकी समस्त जवाबदारी संबंधी ऑटो डील संचालक की होगी।

#### क्या है नए नियम?

सड़क परिवहन मंत्रालय की 2022 की अधिसूचना पर आधारित नियम अनुसार अब गाड़ी बेचने और खरीदने की पूरी प्रोसेस ऑनलाइन पोर्टल से होगी। इससे धोखाधड़ी और कागजी गड़बड़ियों पर लगाम लग सकेगी। नए प्रावधान अनुसार यदि कोई वाहन स्वामी अपना पुराना वाहन बेचना चाहता है तो उसे केवल अधिकृत डीलर के माध्यम से ही बिक्री करनी होगी। इसके लिये वाहन स्वामी को केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फार्म 29 सी के माध्यम से संबंधित आरटीओ को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा। सूचना देने के बाद संबंधित अधिकृत डीलर को उस वाहन का डीम्ड ऑनर (अस्थाई स्वामी) माना जायेगा और वहीं वाहन को आगे नए खरीदार को बेच सकेगा। जब तक नई बिक्री नहीं होती तब तक डीलर ही जिम्मेदार रहेगा। यह नियम खरीदार और विक्रेता दोनों की सुरक्षा के लिए हैं। डीलर की जिम्मेदारी और अधिकार गाडी डीलर के पास जाने के बाद वाहन स्वामी फ्री हो जाएगे। अब गाडी के सभी दस्तावेज संभालना डीलर का काम होगा। गाडी की सुरक्षा और किसी भी हादसे की जिम्मेदारी डीलर की होगी। डीलर ही फिटनेस और पीयूसी के लिये रजिस्ट्रेशन कर सकेगा।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाई पंडित मालवीय की जयंती

### पूर्व प्रधानमंत्री को भी किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सर्व ब्राह्मण समाज ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई। महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जनों ने सिविल लाइन चौराहे पर पहुंचकर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महासंघ के महामंत्री महेंद्र व्यास ने बताया कि इसी अवसर पर महासंघ के संरक्षक पंडित प्रयास गौतम को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनने, प्रतीक शास्त्री को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनने, गौरव जोशी को आईटी सेल का जिला अध्यक्ष बनने, सचिन जोशी को भारतीय जनता पार्टी का जिला मंत्री बनने, सुदर्शन दुबे को औदुम्बर ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बालगढ़ चौराहे पर पहुंचकर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम का संचालन सतीश दुबे एवं डॉ रितेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर सुभाष शर्मा, संजय शुक्ला, आशुतोष जोशी, ओ पी दुबे, महेंद्र स्थापक, शिवनारायण पाठक, यशोदा शर्मा, आशा शर्मा, मधुसूदन शर्मा, शंकरलाल शर्मा, दीपक जोशी, गंगेश्वर जोशी, दीपेश कानूनगो, छोटू पांडे, विमल शर्मा, आकाश अवस्थी, आनंद दुबे, सिद्धार्थ अवस्थी, आदित्य दुबे, घनश्याम पंडित, सुभाष पंड्या, दिलीप शर्मा, सुरेश शर्मा, मनोज शर्मा, विनीता व्यास, माया तिवारी, भारती पाठक, पुष्पा पेशकार, ममता शर्मा, रिंकी व्यास, चंद्रशेखर दुबे, मयंक उपाध्याय, सुरेश चंद्र व्यास, रविकांत मिश्रा, संजीव आचार्य, भरत व्यास, नयन कानूनगो, प्रेमनाथ तिवारी, कमलेश शर्मा, प्रमोद व्यास, टिंगू शुक्ला, रोहित उपाध्याय, नवीन चौबे, संदीप चौबे, किशोर दुबे, जयंत शर्मा, रघुनंदन समाधिया, कृष्णकांत शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, यशवंत तिवारी, राजेंद्र पारीक, सुदामा शर्मा, मंगेश शर्मा, अभय पांडे, संध्या आचार्य, कुसुम शर्मा, मंगल पांडे, जगदीश शर्मा, विशाल शर्मा, लोकेंद्र शुक्ला, रितेश उपाध्याय, दिलीप व्यास आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी कपिल व्यास ने दी।

# ग्राम पिपरी में वर्षों से निवासरत ग्रामीण आज भी मालिकाना हक से वंचित, अधूरा ड्रोन सर्वे बना बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



ग्राम पिपरी में वर्षों से निवास कर रहे कई ग्रामीण आज भी अपने पैतृक मकानों के मालिकाना हक से वंचित हैं। पूर्व में राजस्व विभाग द्वारा गांव का ड्रोन सर्वे कराया गया था, लेकिन यह सर्वे पुराने नक्शे के आधार पर केवल गांव के एक छोटे से हिस्से तक सीमित रहा, जबकि वास्तविक स्थिति इससे कहीं अधिक विस्तृत है। अधूरे सर्वे के कारण कई परिवारों के मकान सर्वे सूची में दर्ज ही नहीं हो पाए, जिसका खामियाजा आज ग्रामीण भुगत रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वे कई पीढ़ियों से गांव में रह रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें उनके मकानों का वैध पट्टा नहीं मिल पाया। इससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी हो रही है।ग्राम निवासी जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि उनका परिवार वर्षों से जिस मकान में निवास कर रहा है, उसका आज तक पट्टा उपलब्ध नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि यह उनका पैतृक मकान है, फिर भी कागजी रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं होने से वे असुरक्षा की स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं। वहीं गणेश सेन ने बताया कि उनके पिता करीब 50 वर्ष पूर्व ग्राम पिपरी में आकर बसे थे। तब से उनका परिवार उसी मकान में रह रहा है, लेकिन आज तक उन्हें उनके मकान का पट्टा नहीं मिल सका। उन्होंने बताया कि ड्रोन सर्वे के दौरान उनका मोहल्ला ही सर्वे में शामिल नहीं किया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि ड्रोन सर्वे पूरे गांव का न होकर सीमित क्षेत्र तक किया गया, जिससे वास्तविक निवासरत परिवारों को बाहर कर दिया गया। इससे गांव के नक्शे में भी भारी त्रुटियां रह गई हैं।ग्राम पिपरी के सुमित गुप्ता ने बताया ऐसे कई ग्राम है जहां पर इस प्रकार की समस्या से ग्रामीण परेशान है लेकिन आज तक किसी प्रकार का कोई हल नहीं हो पाया।ग्रामीण सुमित गुप्ता,अजय गुप्ता, पवन जैन, गुड़ा यादव, सुरेश यादव, सुरेंद्र मिश्रा, दुर्गा कुशवाह, जितेन चौहान,लला डावर आदि ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पिपरी का पुनः संपूर्ण ड्रोन सर्वे कराया जाए। गांव के नक्शे को दुरुस्त किया जाए और जो ग्रामीण वर्षों से मकानों में निवास कर रहे हैं लेकिन पट्टे से वंचित हैं, उन्हें शीघ्र पट्टे वितरित किए जाएं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और वर्षों से अपने मकान के मालिकाना हक का इंतजार कर रहे ग्रामीणों को उनका हक कब तक प्राप्त होता है।

### पूर्व पीएम वाजपेयी और महामना मालवीय की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई

**देवास।** देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी जी व महामना मालवीय की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम भाजपा के शिखर पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर बालगढ़ स्थित उनकी प्रतिमा पर भी श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई।

# युवक कांग्रेस देवास की जिलास्तरीय बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी शिवी सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के प्रथम नगर आगमन प्रथम जिला स्तरीय युवक कांग्रेस बैठक अमर मोहिनी गार्डन उज्जैन रोड पर संपन्न हुई, जिसमें युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष किशोर चौहान ,विधानसभा अध्यक्ष हर्षद प्रताप सिंह गौड़, प्रशांत चौहान, वीरेंद्र सेंधव, चेतन मीणा ने प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी, जिला शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व शहर अध्यक्ष मनोज राजान , पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर का स्वागत किया।

युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी, सचिव राहुल राजपूत, विधानसभा उपाध्यक्ष अतुल सिंह, रोहित अंधेरिया, अमन ,जिलामहासचिव यशवन्त कुशवाह ,कुलदीप गुर्जर, नकुल पटेल, कृष्णपाल सेंधव ब्लाक अध्यक्ष अजय(बंटू) जायसवाल,मनीष परमार, पृथ्वीराज सिंह चौहान,सरताज राणा अराफात हुसैन योगेश सोलंकी,अतुल सिंह, समरोज पठान ने संभाग प्रभारी जावेद पटेल,जिला प्रभारी रेणुका गांधी, जिला सहप्रभारी अमनदीप सिंह का पुष्प माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा महासचिव हर्षराज सिंह राठौड़ ने किया।कार्यक्रम में नवागत कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नीरज नागर, ईशान राणा ,प्रतीक शास्त्री, रूपेश कल्याणे, ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष दिलीप सिंह का स्वागत पधारे के गए अतिथियों ने किया । युवक कांग्रेस जिला प्रभारी रेणुका गांधी ने बताया कि आज भी पूर्व युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ समस्त युवाओं को निरंतर एक परिवार की तरह जोड़े हुए युवक कांग्रेस टीम को निरंतर बढ़ाते जा रहे हे।युवक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि हमेशा एक संरक्षक की तरह युवक कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव , जिलाध्यक्ष ( ग्रामीण) मनीष चौधरी व युवक कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गौड़ का सहयोग मिलता रहा है आज के कार्यक्रम की पूरी बागडोर दोनों ने संभाली है।प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने युवक कांग्रेस देवास की टीम को चलो पंचायत कार्यक्रम को तेजी देने की बात कही। साथ ही अपने उद्बोधन में कहा कि अपने क्षेत्रीय बीएलओ अधिकारी के साथ अपने आस पास के लोगों के नाम मतदाता सूची में अधिक से अधिक संख्या में जुड़वाए।अंत में कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथि,वरिष्ठ कांग्रेस जन समस्त विंग व कार्यकर्ताओ का आभार ब्लाक अध्यक्ष अजय (बंटू)जायसवाल ने माना। कार्यक्रम में कृपाल मकवाना, इरफान पटेल,नरेश बैरागी, हर्षद प्रताप सिंह,अभिषेक चौहान, अरुण बराया,रोहित डांगी,मंजीत ठाकुर, अमन पाटीदार,अंकित खरे ,रियाज नागौरी,रोहित पटेल,आनंद सिंह आदि युवक कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा शराब पीकर बाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए मंगलवार शाम इंदौर नेमावर नेशनल हाईवे एन एच 47 पर एक पुरानी आईसर वाहन क्रमांक एम पी 13 जी बी 5826 का चालक वाहन को शराब के नशे में चला कर नेमावर तरफ ले जा रहा था, जिस कारण गंभीर घटना घटित हो सकती थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही करते हुए 112 की मदद से चापड़ा चौराहे पर उक्त बाहन को रोका गया। वाहन चालक शराब के नशे में होने के साथ बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था, वाहन मालिक द्वारा अनाधीकृत व्यक्ति को वाहन चलाने एवं ब्रीथ एनेलाइजर मशीन से शराब की पुष्टि होने पर वाहन मालिक संजय पिता देवी सिंह हाटपिपलिया व वाहन चालक मानसिंह पिता अशोक निहाल हाटपिपलिया जिला देवास के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 13/2025 धारा 185, 3/181,5/180,130/177 मोटर यान अधिनियम का तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त वाहन चालक व मालिक पर 20,500 रुपए का जुर्माना किया गया। कार्रवाई में थाना कमलापुर उप निरीक्षक सर्जनसिंह, प्र.आर.सचिन कश्यप, प्रधान आरक्षक अर्जुन सिंह राव, आरक्षक जीवन मालवीय, आरक्षक लोकेश मेहरा की भूमिका रही।

### निर्णय वापस लिया जाए

**देवास।** मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा बाजार बैठक वसूली से जुड़े प्रस्तावों को शासन के निर्देशानुसार विगत दिनों मंजूरी दी गई है नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पंवार ने इस निर्णय की निंदा की। नए निर्णय के तहत छोटे रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों से दैनिक वसूली समाप्त कर दी गई है। अब उनसे वार्षिक 2000 रुपये अथवा छह माह में 1000 रुपये की वसूली की जाएगी।

# अटल जयंती पर भाजपा ने किया माल्यार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव के नेतृत्व में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय देवास एवं बालगढ़ स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी 101वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भारतीय राजनीति के प्रखर स्तंभ थे। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि चिमनाबाई स्कूल से लेकर बालगढ़ तक की सड़क का नाम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर किया जाएगा। साथ ही बालगढ़ स्थित जहां अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापित है, उस चौराहे को "अटल चौराहा" के नाम से जाना जाएगा।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री विजय सिंह पवार, सुभाष शर्मा, पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, ओम जोशी, प्रमोद डोगलिया, इंदर सिंह ठाकुर, मदन कहार, मंडल अध्यक्ष मधु शर्मा, देवेंद्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, जुबेर लाला,राजा अकोदिया , अर्जुन चौधरी, दुर्गेश चिलोरिया सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष को नगर भाजपा ने उत्साह के साथ मनाया

# अटलजी ने नदी को नदी से जोड़ने का काम किया: डॉ. सोनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर भौरासा भाजपा द्वारा गुरुवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेई का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाया। भौरासा के बाबा भंवरनाथ मण्डल अंतर्गत भाजपाइयों ने जन संघ एवं मिशाबंदी रहे परिवार एवं मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर की गरिमामयी उपस्थिति में जन्मशताब्दी वर्ष मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी उपस्थित रहे।सर्व प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए एवं आतिशबाजी की गई। उसके पश्चात क्षेत्रीय विधायक डॉ. सोनकर का स्वागत किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया जिसके बाद डॉ. सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश के प्रति समर्पित किया। अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन के चलते चाहे पक्ष या विपक्ष में रहते हुए हमेशा देश को विकसित,विकासशील और उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने देश की चिंता करते हुए आर्थिक, पढ़ाई, चिकित्सा, रोजगार, किसान, आतंकवाद, बिजली, पानी जैसे मुद्दों पर कार्य किया।नदी से नदी को जोड़ने की योजना शुरू की, जिससे देश के किसानों को अनाज उत्पादन में राहत मिली। उनके व्यवहार में स हमेशा अपने देश के प्रति प्रेम छलकता था।ऐसे महान छवि के धनी एवं हमारे भाजपा परिवार के पितृ पुरुष का आज जन्मदिन संपूर्ण भारत देश में भाजपा द्वारा जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के चलते गुरुवार को नगर भौरासा में भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण भाजपा नेता प्रदीप मंत्री के द्वारा किया गया। वही भाजपा मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा नगर में पत्रकारो के लिए प्रेस क्लब भवन की मांग रखी गई जिसे विधायक डॉ. सोनकर ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही भाजपाईयो ने नगर के टंकी चौराहा पर निर्माणाधीन टंकी के समीप शेष जगह पर पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेई एवं नगर भाजपा के पितृ पुरुष स्व. जेठमल पालीवाल की मूर्ति की स्थापना कर गार्डन निर्माण की भी मांग रखी जिस पर विधायक डॉ. सोनकर ने सहज स्वीकार कर जल्द निर्माण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ शिवनारायण हेडा, हीरालाल चावड़ा, बाबूलाल डोडिया, मांगीलाल पटेल, नगर वसूली पटेल जसवंतसिंह राजपूत, मनोहर यादव, प्रमोद पालीवाल ,कल्लू ठाकुर, हिम्मतसिंह ठाकुर, बद्रीलाल लोधी, सरदार खान, दशरथ धाकड़, अर्जुन सेंधव, ओमप्रकाश जायसवाल, पार्षद छोटेलाल लोधी, सचिन यादव, विनोद डोडिया, सुरेश मालवीय, अजय यादव, राजेश लोधी, छोटू माली, जुगल माली, गौरव माली, रजत माली आदि भाजपागण उपस्थित थे। अंत में आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने माना।

## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया निर्देश दिए

**ललितपुर।** शीतलहर व सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर पालिका द्वारा संचालित रेन बसेरा व शहर में विभिन्न स्थलों पर जलाये जा रहे अलावों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इसके अलावा शहरवासियों से जलाये जा रहे अलावा के बारे में वार्ता की गई। कोतवाली के सामने स्थित महादेव प्रसाद रेन बसेरा के निरीक्षण के दौरान लाइट के तार अस्त व्यस्त पाये गये, इसके अलावा बोर्ड में लगे स्विच भी खराब पाये गये, अध्यक्ष द्वारा संबंधित लिपिक को व्यवस्थाएं दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये गये, इसके अलावा कोतवाली के सामने स्थित गांधी रेन बसेरा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान चैकीदार उपस्थित पाया गया, इंट्री रजिस्टर का अवलोकन करने पर दो व्यक्तियों की उपस्थिति पाई गई। अध्यक्ष द्वारा रेन बसेरा पर तैनात संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि रात्रि में जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आता है पहले उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी कर ले व उससे आधार कार्ड आदि उपलब्ध करा ले, उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आता है उसके लिए किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। वहीं अध्यक्ष द्वारा डाईट के सामने स्थित सेल्टर होम का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर का अवलोकन करने पर 6 व्यक्ति उपस्थित पाये गये, जिनसे अध्यक्ष महोदया द्वारा रेन बसेरा में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। अध्यक्ष द्वारा संबंधित तैनात कर्मचारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, प्रभारी सफाई निरीक्षक, निर्माण लिपिक, हेड सुपर वाइजर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### वीर बाल दिवस पर प्रभातफेरी आज

**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंहजी के चारों साहिबजादों का शहीदी दिवस 26, 27, 28 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 26 दिसंबर को सुबह 8 बजे बीरबाल दिवस के उपलक्ष में प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से आरंभ होगी, जो कि आजाद चौक, वीर सावरकर चौक, घंटाघर होते हुए वापस गुरुद्वारा साहब लक्ष्मीपुरा पहुंचेगी। समापन पश्चात गुरबाणी कीर्तन, दूध-लंगर के प्रसाद वितरित होंगे।

### राजकीय इंटर कॉलेज आज मनेगा वीर बाल दिवस

ललिपुर। एक राष्ट्रीय उत्सव यवीर बाल दिवस शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीयव्यापी उत्सव के रुप में मनाया जाना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया है कि एक राष्ट्रीय उत्सव यवीर बाल दिवस शुक्रवार को राजकीय इण्टर कॉलेज में पूर्वाह्न 12 बजे मनाया जाना है, जो भारत में भविष्य की नीव रखने वाले बच्चों के अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और क्षमता को सम्मानित करने के लिए समर्पित है।

### चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

**ललितपुर।** बुधवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएच 44) पर चलती बाइक से गिरने के बाद एक महिला की झांसी ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। यह घटना जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांसी के मजरा खिरकन की है। 50 वर्षीय विमला, पत्नी काशीराम, बुधवार शाम गांव के ही एक दंपति के साथ बाइक से ललितपुर आ रही थीं। हाईवे पर टोल टैक्स के पास अचानक वह चलती बाइक से नीचे गिर गईं। हादसे के बाद हाईवे पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल विमला को मेडिकल कॉलेज ललितपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, झांसी ले जाते समय रास्ते में ही विमला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए और उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया।


---

जन्म शताब्दी सप्ताह के कार्यक्रमों के अन्तर्गत शिक्षक रेन बसेरा में किया आयोजन

# पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म वृत्त पर प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर अटल बिहारी वाजपेई जी जन्म शताब्दी के सप्ताह के कार्यक्रमों के अन्तर्गत शिक्षक रेन बसेरा में भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिन पर उनके जीवन वृत्त को लेकर एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म से लेकर जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी तक के राजनीतिक जीवन को दर्शाया गया है । तत्पश्चात पं अटल बिहारी वाजपेई जी बाजपेई जी के चित्र पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात एक गोष्ठी के माध्यम से अटल जी की कविताएं सुनाईं गयी और उनके संस्मरण सुनाए गए। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन कार्यक्रम के सह जिला संयोजक देवेन्द्र गुरु ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि उच्च नेतृत्व के निर्देश पर अटल जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर यह प्रदर्शनी लगाई गई है और जो सप्ताह भर तक लगी रहेगी । उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आमजन को सन्देश देकर चित्र प्रदर्शनी देखने को अनुरोध करें। श्रमसेवा राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेई जी अजातशत्रु थे यहां तक कि विपक्षी पार्टी के लोग भी उन्हें उतना ही आदर देते थे जितने कि उनके अपने संगठन के लोग उन्हें चाहते थे ।




### मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

ललितपुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पनारी स्थित एक विद्यालय में उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक ओमशंकर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज निदेशक शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने अटलजी जीवन प्रसंग विधि छात्रों के समक्ष रखे। इस दौरान महाविद्यालय में अटलजी के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिये गये।

#### अटल जी की कविताओं के साथ संस्मरण भी सुनाए

जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेई को युग पुरुष कहें तो अनुचित नहीं होगा । स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क योजना और प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से उन्होंने सड़कों का जाल बिछा दिया था ।उनके गीत हमें आज भी प्रेरणा देते थे ।

भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष अजय जैन साईकिल ने अटल जी की कविताओं के साथ उनके संस्मरण भी सुनाये। अन्त में बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने पं अटल बिहारी वाजपेई जी के संस्मरण सुनाते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनसे अटल बिहारी वाजपेई जी के संन्देशो को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, एस आई आर के जिला संयोजक हरीराम निरंजन,पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, प्रेमचंद पटैल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा,,मुन्ना लाल जैन सैदपुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गण सुभाष जायसवाल,रमेश कुमार खटीक, श्रीमती रजनी साहू,डा राजकुमार जैन,ई बी के पाल,डा दीपक चौबे,कार्यक्रम सह संयोजक घनश्याम साहू, देवेन्द्र गुरु, ध्रुव सिंह सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष गण बसंती लारिया , धर्मेन्द्र पाठक,किरण सैन, मनविंदर कौर, श्रीमती लक्ष्मी रावत, जिला मंत्री निखिल रामकुमार तिवारी,गौरव चौधरी, रजनी अहिरवार,अजय जैन साईकिल,युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम आदि उपस्थित रहे।

---

खुले विचरण से लोगों में दहशत

# तेंदुए ने कोटेदार के मुंह पर मारा पंजा, घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम चीराकोडर में गुरुवार सुबह एक तेंदुए ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। यह घटना प्राथमिक विद्यालय के पास हुई, जिसमें 47 वर्षीय कोटेदार कमलेश यादव घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जाखलौन थाना क्षेत्र के चीरा कोडर गांव में सुबह करीब 7 बजे प्राथमिक विद्यालय के पास तेंदुआ देखा गया था। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने के दौरान, गांव के कोटेदार कमलेश यादव (पुत्र वीर सिंह यादव) स्कूल के अंदर गए। वहां एक गड्ढे में छिपे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे से कमलेश यादव के मुंह पर चोट लगी, जिससे वह घायल हो गए। हमले के बाद, तेंदुए के डर से ग्रामीण छतों पर चढ़ गए। तेंदुआ बाद में स्कूल परिसर से निकलकर गांव के खेतों की ओर भाग गया। ललितपुर जनपद में 87000 हेक्टेयर में फैला विशाल जंगल जानवरों के लिए पर्याप्त है मगर वन विभाग द्वारा वन जीवन के लिए पर्याप्त योजना उपलब्ध न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है हाल ही में तीन माह के बीच अमझरा घाटी ( गौना )बीट पर चार नौजवान तेंदुआ की मौत ने वन विभाग के कार्य प्रणाली में कई प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं मगर वन विभाग हाईवे को दोषी बताकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होने का प्रयास कर रहा है। हालही में जाखलौन के चीरा कॉडर गांव में प्राइमरी विद्यालय में सुबह तेंदुए की उपस्थिति ने सारे गांव में हलचल मचा दी थी। एक व्यक्ति को घायल कर तेंदुआ गायब हो गया।

### जीव जंतुओं के खुले विचरण से चिंतित



चंडी मंदिर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर संत चंदेश्वर गिरी महाराज भी ललितपुर जनपद के विशाल बन में विचरण करने वाले दुर्लभ जीव जंतुओं को लेकर चिंतित हैं हाल ही में तेंदुओं की दुर्घटना ने उनके अंतर मन को बहुत कष्ट दिया है जो जीव प्राय विलुप्त हो होने की श्रेणी में है उनकी इस तरह दुर्घटना में में मृत्यु हो जाना कहीं न कहीं उसके लिए हम दोषी हैं भारत सरकार के प्रधानमंत्री जो विकास को लेकर निरंतर कार्यरत रहते हैं अनुरोध है की ललितपुर जनजीव बिहार को आरक्षित कर भारत के नक्शे पर अंकित हो जिससे अधिकांश पर्यटक इस जनपद में आ सकें।

### वन जीव विहार अभ्यारण बन सकता है



ललितपुर प्रभास पर आए डॉ आशुतोष शर्मा मेक्सिको ने कहा, विंध्याचल श्रेणी उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का बन विभाग हजारों हेक्टेयर में फैला है ललितपुर जनपद में 12 वर्ग मील में वन जीव विहार महावीर वन जीव विहार स्थित है इसको विंध्याचल श्रेणी पर्वतमाला में उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश को मिलाकर विशाल वन जीव विहार अभ्यारण बन सकता है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी इस वन विहार पर दृष्टिकोण रखें तो उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का यह भूभाग टाइगर अभ्यारण का एक बहुत बड़ा पर्यटक क्षेत्र बन सकता है जिसमें देसी पर्यटकों के अलावा विदेशी पाठकों की भी विशाल शृंखला इस क्षेत्र को विकसित कर सकती है।

#### वन जीव विहार की पहल करना चाहिए



ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष पंडित अनुपम चौबे बताते हैं कि ललितपुर जनपद मैं विशाल वन क्षेत्र है है जिसमें अत्यंत दुर्लभ पशु पक्षी निवास करते हैं इन जंगलों में दुर्लभ भालू गिद्ध तेंदुआ लकड़बग्घा हिरण अजगर के अलावा टाइगर का भी अभ्यारण स्थल है यहां पर पूर्व से ही टाइगरों का अभ्यारण रहा है उत्तर प्रदेश सरकार योगी जी को बुंदेलखंड के विशाल जंगल को वन जीव विहार घोषित करने की पहल करना चाहिए जिससे जीव जंतुओं के अलावा यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बन सके।

---

जयंती पर परिचर्चा आयोजित की गई

## 'मालवीय का व्यक्तित्व हिमालय से भी ऊंचा और सागर से भी विशाल था'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

महामना मदनमोहन मालवीय की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्त , स्वाधीनता सेनानी , सजग पत्रकार , कुशल अधिवक्ता श्रीमद्भागवत महापुराण एवं वेद-वेदान्तपाठी महामना पं मदनमोहन मालवीय जी का स्मरण करने पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिल्पी की महानता और उनके द्वारा संस्थापित शिक्षा संस्थान की उस विशालता का चित्र आँखों में नाच उठता है कि जिसकी पक्की सड़कों की लंबाई 30 किमी. से भी ज्यादा है । आज से लगभग सौ साल पहले इस महान राष्ट्र विभूति ने जन-जन से पराधीन भारत में एक सिरे से दूसरे शहर तक घूम-घूमकर उस समय एक करोड़ साठ लाख का दान लेकर भारत की उत्कृष्ट यूनिवर्सिटी अपने अपराजेय मनोबल से स्वदेशी क्षेत्र में राष्ट्रभाषा हिन्दी माध्यम से खोल दी । यह विश्वविद्यालय मात्र अपने भवन , विज्ञान , इन्जीनियरिंग , कला , दर्शन की पढ़ाई-लिखाई से भी ज्यादा इसलिए जाना जाता है कि जैसे 2500 साल पहले काशी से ही बौद्ध धर्म का धर्मचक्र प्रवर्तन चला , वैसे ही 22 साल तक दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष चलाकर गांधीजी की सत्य , अहिंसा और सत्याग्रह के अमोघ अस्त्र लेकर जब स्वदेश लौटे तब बी. एच. यू. के शुभारम्भ महोत्सव के मौके पर गाँधीजी ने इतना विप्लवकारी उद्बोधन किया कि जिसे सुनकर अध्यक्षता कर रहा अँग्रेज वायसराय तिलमिला उठा । गांधीजी को बोलने से रोका गया पर जनता एक स्वर में चिल्ला उठी , बोलते रहिए । भारत के स्वाधीनता संग्राम में उक्त क्षण मील का पत्थर साबित हुआ । महामना मालवीय ऐसे हिन्दुत्व के प्रतिपादक थे जो धर्म समभाव का पोषक , सर्वसमावेशी मानव धर्म के रूप में जाना जाता है ।



---

कांग्रेसियों ने मनाई मदन मोहन मालवीय, बिजली पासी की जयंती

## मालवीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे, उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया: रजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में पं.मदन मोहन मालवीय की जयंती व भारतरत्न राजश्री गोपालचार्य की पुण्य तिथि मनाई गई। जिसमें सबसे पहले कांग्रेसियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके समय में ही कांग्रेस ने स्वतंत्रता सग्राम की लड़ाई लड़ी गयी। मदन मोहन मालवीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मालवीयजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और उन्होंने पार्टी के शुरुआती वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 1909 और 1918 में कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर कार्य किया और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आकार देने में मदद की। मालवीयजी ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों में शामिल हुए। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम किया और दोनों समुदायों के बीच सौहार्द और समझ को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। मदन मोहन मालवीय के कांग्रेस के लिए योगदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी विरासत आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी भारत के वकील लेखक राजनीतिक और दार्शनिक रहे। लोगों ने राजाजी के नाम से पुकारते थे। वैशाली 1952 से 1954 तक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे, उनकी बेटी लक्ष्मी गांधीजी के पुत्र के साथ शादी हुई थी और वह पूरे दक्षिण में हिंदी का प्रचार प्रसार करते थे। वह स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल रहे। बिजली पासी को भी पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके योगदान की बात कही गई। इस दौरान नेहा तिवारी, डा.खेमचंद्र वर्मा, रामदेवी विश्कर्मा, कुलदीप पाठक, मु.असलम, रामदास, सीताराम राय, दीपक रेकवार आदि मौजूद रहे।




**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की पुण्यतिथि भी मनाई गई**

---

## खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल: सिनेमा, संस्कृति और संवाद का सात दिवसीय महाकुंभ संपन्न

वी शांताराम व गुरुदत्त को याद किया गया

# फिल्म जगत के 100 वर्ष पूर्ण होने पर टपरा टॉकीज में दिखाई गई फिल्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

खजुराहो की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर 11 वा खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह फेस्टिवल न केवल सिनेमा प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना, बल्कि कला, संस्कृति और विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। इस वर्ष उक्त फेस्टिवल दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र एवं असरानी को समर्पित किया गया वहीं फिल्म जगत में 100 वर्ष पूर्ण करने वाले कलाकार व्ही शांताराम एवं गुरुदत्त को याद किया गया 9 टपरा टॉकीज का निर्माण किया गया जिनमें 7 टपरा टॉकीज में धर्मेंद्र, असरानी, व्ही शांताराम, गुरुदत्त की फिल्में दिखाई गई , एक टपरा टॉकीज में हॉलीवुड की फिल्म दिखाई गई तथा एक टपरा टॉकीज में नवोदित फिल्मकारों की फीचरफिल्म, शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई नवोदित फिल्मकारों की सात दिनों में 102 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई इस फेस्टिवल के संस्थापक, आयोजक , अभिनेता राजा बुंदेला ने बताया इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से अभिनेता अनुपम खेर, सौरभ शुक्ला अभिनेत्री पूनम ढिल्लो, अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी,अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, सहित अनेक नामचीन कलाकारों ने फेस्टिवल की शोभा बढ़ाई। इनके साथ ही देश-विदेश से आए फिल्म निर्माता, निर्देशक, लेखक और सिनेमेटोग्राफर भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। फेस्टिवल की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि जूरी के सदस्यों ने लगातार सात दिनों तक सहभागिता की और विभिन्न सत्रों, स्क्रीनिंग्स व संवाद कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। इससे फेस्टिवल की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता और अधिक सशक्त हुई। फेस्टिवल के दौरान भारत के सभी प्रांतों से आए कलाकारों ने अपने-अपने लोक नृत्य और लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके अलावा मुंबई से आमंत्रित प्रोफेशनल डांस ग्रुप और ऑर्केस्ट्रा ने गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### योगदान देने वालों को सम्मान

फिल्मों से जुड़े उत्कृष्ट कलाकारों, तकनीशियनों और सिने जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सिने गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं चिकित्सा, राजनीति, समाजसेवा और शिक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को क्षत्रसाल गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। नवोदित फिल्मकारों को भी सम्मानित किया गया यह पहल समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रही।

### स्टूडेंट्स के लिए मास्टर क्लास और वर्कशॉप

फेस्टिवल का एक महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों और युवा फिल्मकारों के लिए आयोजित मास्टर क्लास और वर्कशॉप रहीं। इन सत्रों में अभिनय, निर्देशन, लेखन, सिनेमेटोग्राफी, एडिटिंग और फिल्म निर्माण की अन्य विधाओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से व्याख्यान दिए। छात्रों को सीधे अनुभवी फिल्मकारों से संवाद करने और सीखने का अवसर मिला, जो उनके भविष्य के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ कुल मिलाकर, खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल सिनेमा, संस्कृति और शिक्षा का एक समृद्ध संगम बनकर उभरा। इस आयोजन ने न केवल खजुराहो को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिलाई, बल्कि युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच भी प्रदान किया। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि खजुराहो जैसे पर्यटन स्थल के लिए ट्रेन और फ्लाइट की सुविधाएं सीमित हैं। ऐसे में यदि किसी दिन फ्लाइट कैंसिल हो जाए, तो उसी दिन खजुराहो पहुंच पाना कठिन हो जाता है। फेस्टिवल के दौरान कई आमंत्रित कलाकारों की इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल हो गई, जिनमें नाना पाटेकर, भाग्यश्री, डॉक्टर चन्द्र प्रकाश द्विवेदी,प्रदीप रावत, राज बब्बर, हेमा मालिनी, शुभांगी अत्रे , और ऋतुपर्णा सेनगुप्ता आदि शामिल रहे। नाना पाटेकर मुंबई से दिल्ली तो पहुंच गए, लेकिन दिल्ली से खजुराहो नहीं आ सके। भाग्यश्री वाराणसी तक पहुंचीं, पर खजुराहो नहीं आ पाईं। वहीं अनुपम खेर को एक दिन वाराणसी में रुकना पड़ा और अगले दिन ट्रेन से खजुराहो आना पड़ा, जहां कोहरे के कारण ट्रेन की लेटलतीफी का सामना करना पड़ा। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद आयोजकों की मेहनत, समन्वय और प्रतिबद्धता के चलते खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसे दर्शकों और सिनेप्रेमियों से भरपूर सराहना मिली।

### सिने गौरव सम्मान इन्हें मिला

अनुपम जी खैर , पूनम ढिल्लो, सौरभ शुक्ला, दीपशिखा नागपाल, पंकज बैरी, निर्देशक एन चंद्रा, जयंत देशमुख इंदिरा तिवारी, वेद थापर निर्देशक सुधीर आजाद को भारती प्रधान, अवधेश महाराज एवं फ्रांस अभिनेत्री को मारियन बोर्गो सिनेमेटोग्राफर मलय राय सुबोध सिन्हा (साहित्यकार), गौरव शर्मा ,शीबाशीष सरकार, भूपिंदर सिद्धू, सुरिंदर अहलावत, डॉ. योगेश श्रीवास्तव और गौरव शर्मा फेदुद्दीन फरीदसर, मेहदीबकीर खान एवं सुरेश राम विदेशी कलाकारों में रोबर्ट मैक्सीन, अलफ्रेंडो केन्डेरा, मार्क एन्जल्स विनसेंट रोबिन,मिस्टर फर्नांडो मैगलानेस माटो सुश्री टिन्ना स्वेन्सडॉटिर सुश्री रेचल जोहान वाह्युनी इंडोनेसिया, मूथिया एसफंड इंडोनेसिया को सिने गौरव सम्मान।

### छत्रसाल गौरव सम्मान इन्हें मिला


विजय कुमार खत्री, बसंत चतुर्वेदी, अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी,मीसाबंदी एवं स्वतंत्रता सेनानी मधुसूदन पितरे,वीरेंद्र कुमार रिछा रिया एवं राहुल अग्रहरी, एम एस राणा मध्यप्रदेश पर्यटन, जावेद मंसूरी, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सेन, प्रकाश चंसोरिया ,स्वप्निल कोठरी,विजय शंकर बबेले, राजेंद्र त्रिपाठी इंस्पेक्टर ममता कांबले को छत्रसाल गौरव सम्मान मिला।

जिला पंचायत सीईओ की कार्रवाई, हितग्राहियों से रुपए मांगने का ऑडियो हुआ था वायरल

# आवास सत्यापन में रिश्वतखोरी! दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आवास योजना के तहत सत्यापन के नाम पर रिश्वत मांगने के गंभीर मामलों में जिला पंचायत राजगढ़ (ब्यावरा) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले ने कड़ा कदम उठाते हुए दो ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों मामलों में व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित ऑडियो रिकॉर्डिंग को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। आए दिन सरपंच सचिवों के रिश्वत मामले सामने आते रहते हैं जिन पर साक्ष्य के अभाव में कई बार कार्रवाई संभव नहीं हो पाती है।


कार्यालय जिला पंचायत-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
क्र./ 9980 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
-::आदेश::-
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर के पत्र क्रमांक/658/ पीएमएव-जी/ज.पं./2025 दिनांक 23.12.2025 के माध्यम से श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा दिनांक 23.12.2025 को व्हाट्सएप ग्रुप "ग्रामीण क्षेत्र की खबरें" में प्रसारित ऑडियो में किसी अन्य व्यक्ति से चेकर सत्यापन करने के एवज में राशि मांगे जाने के संबंध में चर्चा की जाने, ऑडियो में चेकर सत्यापन में 1000/- से लेकर 2000/- रुपये तक हितग्राही से लिए जाने के संबंध में स्पष्ट बोला जाने तथा ग्राम पंचायत आमलारोड़ में आवास प्लस 2.0 में नाम जोड़ने के 10-10 हजार रुपये लेने संबंधी ऑडियो श्रवण से शासन की महत्वाकांक्षी योजना में भ्रष्टाचार करने का कृत्य प्रथम दृष्टया सिद्ध होने से शासन की छवि धूमिल होने के कारण श्री रामचन्द्र नागर सचिव के निलंबन की अनुशंसा की गई है।
श्री रामचन्द्र नागर सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर को उक्त कृत्य के लिये मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4(2)(क) एवं मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती और सेवा की शर्तें) नियम 2011 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।
निलंबन काल में श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर रहेगा तथा इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।
यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत-राजगढ़ (म.प्र.)
पृ.क्र./ 9981 /पंचा.प्रको./स्था./25 राजगढ़, दिनांक 23/12/2025
प्रतिलिपि:-
1 आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2 संचालक सह-आयुक्त पंचायत राज संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3 अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर की ओर सूचनार्थ।
4 मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर भेजकर 07 दिवस में अनिवार्यतः निलंबित सचिव श्री रामचन्द्र नागर के विरुद्ध आरोप-पत्रादि तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु।
5 खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6 सरपंच ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7 संबंधित श्री रामचन्द्र नागर निलंबित सचिव ग्राम पंचायत धामन्दा जनपद पंचायत सारंगपुर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।




### पहला मामला ग्राम पंचायत धामन्दा का

प्रथम प्रकरण ग्राम पंचायत धामन्दा, जनपद पंचायत सारंगपुर से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार सचिव रामचंद्र नागर द्वारा आवास सत्यापन के एवज में हितग्राहियों से 1000 से 2000 रुपये तक लेने की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत नाम जोड़ने के लिए 10-10 हजार रुपये तक की मांग की जा रही थी। ऑडियो में राशि लेने की बात स्वीकार किए जाने से शासन की छवि धूमिल होने की स्थिति बनी। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सचिव रामचंद्र नागर को मप्र पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 एवं ग्राम पंचायत सचिव भर्ती व सेवा शर्त नियम 2011 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### दूसरा मामला ग्राम पंचायत आलमरोड का

दूसरा मामला ग्राम पंचायत आमलरोड़, जनपद पंचायत सारंगपुर का है। यहां सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला पर आरोप है कि आवास योजना में नाम जोड़ने के लिए हितग्राहियों से 10-10 हजार रुपये लेने की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राशि लेकर पात्रता के विपरीत नाम जोड़ने की स्वीकृति दी जा रही थी। प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके चलते सचिव राजेंद्र सिंह रुहेला को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन काल में उनका मुख्यालय भी जनपद पंचायत सारंगपुर निर्धारित किया गया है।

### दोष सिद्ध हुए तो होगी कड़ी कार्रवाई

दोनों मामलों में जिला पंचायत द्वारा संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर आरोप-पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खंड पंचायत अधिकारी एवं सरपंचों को आवश्यक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि आवास योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि जांच में दोष सिद्ध होने पर आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आमजनों की समस्याओं के निराकरण में देरी पर कलेक्टर की कार्रवाई

# ग्रामीणजनों के कार्यों में लापरवाही बरतने पर रामगढ़ पटवारी सस्पेंड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन द्वारा बुधवार को खिलचीपुर-जीरापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पीपल्याकुल्मी एवं रामगढ़ में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ हल्का पटवारी के संबंध में ग्रामीणों से मिली शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने पटवारी ज्ञानसिंह अहिरवार को सस्पेंड करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले एवं जिलाधीश ने ग्रामीणजनों के साथ जमीन पर बैठकर सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं, शिकायतें एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश भी विभागीय अधिकारी को दिए।

### 'समस्याओं का शीघ्र निराकरण हमारी प्राथमिकता'

शिविर के दौरान जिपं सीईओ डॉ. गढ़पाले ने गढ़पाले ने कहा कि 'प्रशासन गांव की ओर' पहल का उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है ताकि उनिकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा सके। इस अवसर पर खिलचीपुर एसडीएम अंकिता जैन, नायब तहसीलदार माचलपुर रामनिवास धाकड़ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नाला निर्माण में लेवलीकरण का कार्य सही नहीं

**जीरापुर।** स्थानीय नवीन हाट बाजार तालाब परिसर खिलचीपुर नाका के पास में नाला निर्माण कार्य चल रहा लेकिन नगर परिषद की उदासीनता अनदेखी के कारण नाला लेवलीकरण सही नहीं हो रहा है। गौरतलब है कि नगर कि लम्बी चौड़ी शासकीय धरोहर लम्बे समय से विकास की बाट जोह रही थी जहां पर नगर परिषद के द्वारा तालाब परिसर में सीमेंट कांक्रीट कार्य किया गया तथा साथ ही नाला निर्माण कार्य भी चल रहा है। विगत 5-7 सालों से तालाब समतलीकरण कार्य में अतिक्रमण बाधा बंधा हुआ था।

आखिरकार नगर परिषद के द्वारा कुछ अतिक्रमण हटा दिया गया। 1.17 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे इस परिसर समतलीकरण एवं नाला निर्माण में नाला का काम अधूरा है। जिससे स्थानीय रहवासियों के लिए बड़ी मुसीबत और गंदगी का कारण बना हुआ था, जिसे अब पूरा करने का रास्ता साफ किया गया।

## निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को नगर खुजनेर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने राजगढ़ चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बांग्लादेशी हिंदू पर अत्याचार होता है तो भारत का हिंदू समाज इसे कभी सहन नहीं करेगा देश के कोने-कोने में हिंदू समाज एकत्रित होकर बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में आवाज उठा रहा है जिसमें जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार, जिला सह मंत्री कमल किरार, प्रखंड अध्यक्ष पवन , प्रखंड मंत्री गोविंद रुहेला, भगवान सिंह सोंधिया, दीपक यादव व बड़ी संख्या में खुजनेर गौ रक्षादल के कार्यकर्ता बजरंग दल एवं विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा,नारों के माध्यम से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा संदेश दिया।

## सांदीपनि स्कूल में मनाया सृजन उत्सव



**जीरापुर।** शासकीय सांदीपनि मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सृजन उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी व विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी कालूसिंह तोमर रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों एवं पत्रकारों का साफा एवं उपरना पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी। प्राचार्य कैलाश शर्मा ने स्वागत भाषण में बताया कि विद्यालय में 109 गाँवों के छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं। जहां पर अतिथियों ने नवीन भवन का अवलोकन किया तथा यह तपोभूमि पर भवन निर्माण का श्रेय विधायक को जाता है।

मध्यप्रदेश में इस प्रकार के कई स्कूल है सामान्य स्कूल और सांदीपनी स्कुल में बहुत अन्तर शासकीय स्कूल में शिक्षा का जो स्तर कम हो रहा था मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सांदीपनि स्कूल के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्रदान किया है। जहां पर सम्पूर्ण व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए हैं। इस वर्ष भी यदि सीधे आवेदन से भर्ती होती तो पांच हजार विद्यार्थी स्कूल में प्रवेश पा सकते थे। विधायक दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांदीपनि स्कूल नाम क्यों रखा क्योंकि भगवान कृष्ण ने भी सांदीपनी स्कुल में शिक्षा दीक्षा प्राप्त की बच्चें भी इस स्कूल में पढ़कर राम कृष्ण के पद चिन्हों पर चलकर आगे बढ़ें, राजगढ़ जिले में जीरापुर के सांदीपनी स्कुल का नाम एक नम्बर पर है।

## छात्रों का हुआ सम्मान




**कुरावर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर के छात्र नवीन मीणा व दीपक चंद्रवंशी ने वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं सर्वोच्च अंक से उत्तीर्ण की व दोनों छात्रों का भारतीय सेना में चयन हुआ है। नवीन मीणा थल सेना में व दीपक चंद्रवंशी वायु सेना में चयनित हुए हैं। इन छात्रों ने लैपटॉप प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 85: से अधिक अंक प्राप्त कर 25000- 25000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है। एवं नवीन मीणा ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश शासन की महती योजना अंतर्गत स्कूटी प्राप्त की है। छात्रों के भारतीय सेना में चयन होने पर बधाई दी।

बिना अनुमति स्मार्ट मीटर नहीं लगाने की मांग

## स्मार्ट मीटर के विरोध में नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**खुजनेर।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। ठेकदार द्वारा बिना सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे नगरवासियों में आक्रोश है। बुधवार को विद्युत विभाग सुपरवाइजर रवि बडोले व नायब तहसीलदार नीलम परसेंडीया खुजनेर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि वर्तमान में जो मीटर लगे हुए है बिजली कम्पनी द्वारा टेस्टेट मीटर लगाये हैं जो भी रीडिंग खपत होती है उसका हम लोग पूर्ण भुगतान करते है जो मीटर वर्तमान में लगे है वही लगे रहने दे और कम्पनी द्वारा कोई स्मार्ट मीटर न लगाया जाए, साथ ही हमारी बिना अनुमति के हमारे घरों व दुकानों पर स्मार्ट मीटर न लगाये जाने की मांग की गई। जिसमें रामप्रसाद यादव अली मेव कमल पुष्पद अप्पू विश्वकर्मा मुबारिक खा महेश विश्वकर्मा गोवर्धन वर्मा हनीफ पठान सहित आदि मौजूद रहे।

## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती मनाई

**कालापीपल।** कर्मचारी कॉलोनी चौक, कालापीपल में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म जयंती अटल सामाजिक संस्था अभ्युदय संस्थान के तत्वावधान में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रेरणादायी जीवन, राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान एवं दूरदर्शी नेतृत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, नदी जोड़ो अभियान तथा भारत की सामरिक शक्ति को सुदृढ़ करने हेतु पोखरण में परमाणु परीक्षण जैसे ऐतिहासिक निर्णय अटल जी की दूरदृष्टि एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षक बद्रीलाल चौहान, भगवत सिंह वर्मा, जसमत सिंह राजपूत, पूर्व सैनिक हरिप्रसाद विश्वकर्मा, बैजनाथ पाटीदार, रामनारायण पाटीदार,



मोहन विश्वकर्मा, नितिन चौहान, अभिषेक राठौर, मनीष सिसोदिया, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मातृशक्ति की विशेष सहभागिता रही, जिनमें विमला राठौर, श्रीवास्तव, बिठौरे, सरिता शर्मा सहित अन्य महिलाएं एवं भारत के भविष्य नन्हे-मुन्ने बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अटल अभ्युदय संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन वार्ड पार्षद श्रीमती अनीता राजपूत द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

## राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन 27 को

**ब्यावरा।** विदिशा जिले का सिरोंज नगर 27 दिसंबर को मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के लिए एक ऐतिहासिक दिन का साक्षी बनेगा। जर्नलिस्ट्स



यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश जम्प द्वारा यहां राज्यस्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश भर से 500 पत्रकार साथी सम्मिलित होंगे। जिससे सिरोंज एक दिन के लिए प्रदेश की पत्रकारिता का केंद्र बन जाएगा। इस सम्मेलन में प्रदेश सरकार के दो मंत्री, पांच विधायक एवं एक सांसद की उपस्थिति प्रस्तावित है। सत्ता, समाज और मीडिया के इस समागम को लोकतांत्रिक संवाद की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों को एक साझा मंच प्रदान कर उनके अधिकारों, दायित्वों और वर्तमान चुनौतियों पर गंभीर चर्चा करना है। कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पत्रकारों का सिरोंज पहुंचना संगठन की मजबूती और पत्रकारों की एकजुटता को दर्शाता है। सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र, विचार-विमर्श और पत्रकार हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस आयोजन के संचालन के पीछे जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना का नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## विहिप ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बांग्लादेश में निर्दोष हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ देशभर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को राजगढ़ नगर में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा चौराहे पर बांग्लादेश का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया की हाल ही में बांग्लादेश में एक निर्दोष हिंदू युवक को पेड़ से लटकाकर जिंदा जलाने जैसी अमानवीय घटना सामने आई है, जिसके बाद से पूरे भारतवर्ष में सनातनी हिंदू समाज में भारी आक्रोश है।

जिला मंत्री मयंक जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार बर्बरता पूर्वक हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं, उसकी विश्व हिंदू परिषद लगातार निंदा कर रही है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख लखन गुर्जर गोरक्षा प्रमुख लक्ष्मीनारायण तंवर सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा प्रखंड मंत्री संतोष राणा प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू गोड प्रखंड सहसंयोजक प्रखंड चंदन गुर्जर बल उपासना प्रमुख हेमराज तंवर नगर मंत्री लोकेश शर्मा, मनोहर तंवर राहुल सेन देवीसिंह विश्वकर्मा सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन



**खुजनेर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 में अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर की टीम ने रस्साकसी सेमीफाइनल मुकाबले में सुसनेर को एवं फाइनल मुकाबले में खिलचीपुर को हराकर जीत हासिल की। प्राचार्य मनोहर जायसवाल एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## खेलो इंडिया अभियान के तहत श्री सत्य साईं स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय श्री सत्य साईं सीनियर सेकंडरी स्कूल में खेलो इंडिया अभियान के तत्वावधान में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि लोटस इंटरनेशनल स्कूल पोलाय कला के संचालक राकेश पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर विष्णु सिंह सिसोदिया, प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य किरण जोशी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मशाल प्रज्वलन के साथ खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आईपीएल थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सीनियर छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नारी शक्ति आधारित नृत्य ने महिला सशक्तिकरण का प्रभावी संदेश दिया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत की गई। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य केदार गोवेकर, उपप्राचार्य श्रीमती किरण जोशी, शिक्षक इमरान खान, शिखा शर्मा सहित समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा, जिनकी अतिथियों ने प्रशंसा की।

पर्यटन विकास के तहत अधिकारियों ने लिए अहम निर्णय

## खोयरी, जल महल जैसी धरोहरों को सहेजने बनाई विस्तृत कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय एवं जिले के विभिन्न शहरों व क्षेत्रों में स्थित पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने एवं संरक्षण के उद्धेश्य से बुधवार को पर्यटन विकास योजना के तहत अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान पुरातत्व विभाग से सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मदन मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे कलेक्टर डॉ. मिश्रा के साथ जिले में पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने अपने अनुभवों को सांझा किया। इस दौरान राजगढ़ स्थित खोयरी महादेव, घूमघाटी, नेवज नदी के मध्य स्थित जल महज सहित अन्य धरोहरों के संरक्षण, पहचान और पर्यटन मानचित्र पर उभारने की कार्ययोजना बनाई गई है। इन स्थलों की ऐतिहासिक विशेषताओं को संरक्षित रखते हुए आधारभूत



सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही पुरातात्विक धरोहरों पर किए गए अतिक्रमण हटाने को लेकर भी ठोस रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत छत्री, बाग एवं किला पट्टा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को नियमानुसार हटाकर प्रभावित लोगों के प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि धरोहरों की मूल पहचान सुरक्षित रह सके। इसके अतिरिक्त बांसवाड़ा सीमांकन का कार्य भी योजना में शामिल किया गया है, जिससे संरक्षित क्षेत्र की स्पष्ट पहचान हो सके और भविष्य में अतिक्रमण की संभावनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### पुरातात्विक धरोहरों को मिलेगा नवजीवन

अधिकारियों द्वारा बनाई गई इस योजना के क्रियान्वयन से जिले की पुरातात्विक धरोहरों को नया जीवन मिलेगा। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, एसडीएम अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी राजगढ़ निधि भारद्वाज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजगढ़ पवन अवस्थी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।